# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या– PR........../2023**

**ERC NCTE से मान्यता एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त राज्य के डी॰एल॰एड॰ कोर्स संचालित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं डी॰एल॰एड॰ प्रशिक्षण सत्र 2023–25 में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों के लिये स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य के डी॰एल॰एड॰ कोर्स संचालित प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2023–25 में नामांकन हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2023 के आधार पर समिति से प्रसारित विज्ञप्ति संख्या पी0आर0 387/2023 के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त कर तथा अन्य विज्ञप्तियों के माध्यम से तीन चरणों में चयन सूची प्रकाशित कर दिनांक 15.12.2023 तक नामांकन की कार्रवाई की गई है। समिति की विज्ञप्ति संख्या पी0आर0 443/2023 के माध्यम से प्रदत निदेश के अनुरूप संस्थानों के द्वारा दिनांक 15.12.2023 तक तृतीय चरण में हुए सभी नामांकन का Updation समिति के पोर्टल पर दिनांक 16.12.2023 तक किया जाना है।

2. समिति द्वारा तीन चरणों में संस्थान आवंटन एवं संस्थानों द्वारा नामांकन की कार्रवाई के पश्चात् कतिपय कारणों से अभी भी संस्थानों में सीट रिक्त हैं। इसके अतिरिक्त प्रथम/द्वितीय चरण में चयनित कतिपय अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिनके द्वारा अपने आवंटित संस्थान में मात्र 3000/– रूपये की सुरक्षा राशि जमा की गई थी और जिन्होंने विज्ञप्तियों के माध्यम से संसूचित समिति के निर्देशों के बावजूद अंतिम निर्धारित तिथि अर्थात् दिनांक 15.12.2023 तक अपने नामांकित संस्थान में वहाँ के प्रथम वर्ष के शुल्क की शेष राशि जमा नहीं किया है। स्पष्टतः ऐसे अभ्यर्थी अपने नामंकित संस्थान में अध्ययन् के इच्छुक नहीं हैं, और जिन सीटों के विरूद्ध उनका नामांकन हुआ है, वह सीट रिक्त रह जाने की आशंका है। यह स्थिति वांछनीय नहीं है। अतएव **जिन आवेदकों के द्वारा अपने नामांकित संस्थान में प्रथम वर्ष के निर्धारित शुल्क की शेष राशि जमा नहीं की गई है, संस्थान उन आवेदकों का आवंटन/नामांकन निरस्त किए जाने हेतु स्वतंत्र हैं। संस्थान द्वारा यह कार्य Updation हेतु निर्धारित तिथि अर्थात् दिनांक 16.12.2023 तक ही किया जा सकता है। इसके लिए समिति द्वारा सभी प्रशिक्षण संस्थान को उनके लॉगिन पर यह सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।**

3. **अभ्यर्थी हित में अद्यतन नामांकन उपरान्त रिक्त रह गये सीटों पर स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की कार्रवाई की जानी है, जिसकी पात्रता, प्रक्रिया एवं कार्यक्रम अग्रेतर कंडिकाओं में उल्लिखित है।**

4. **स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु संस्थानवार रिक्त सीटों का विवरण समिति के पोर्टल https://deledbihar.com पर अपलोड है।**

5. **स्पॉट नामांकन हेतु डी॰एल॰एड॰ संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2023 में उत्तीर्ण एवं विज्ञप्ति सं0 पी0आर0 387/2023 में वर्णित योग्यता/पात्रता धारण करने वाले निम्न श्रेणी के अभ्यर्थी पात्र होगें :–**

**(क)** वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा CAF (Common Application Form) एवं शुल्क ऑनलाइन जमा किया गया था किन्तु उनका चयन किसी भी चरण में नहीं हुआ है, अथवा

**(ख)** वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रथम चयन सूची/द्वितीय चयन सूची/तृतीय चयन सूची में आवंटित संस्थान में नामांकन नहीं लिया अथवा जिन्होंने 3000/– रूपये की सुरक्षा राशि जमा कर नामांकन लिया था, किन्तु संस्थान के प्रथम वर्ष की शेष राशि जमा नहीं किए जाने के कारण उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया है।

**(ग)** **जारी की गई प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयन सूची के आलोक में किसी भी संस्थान में नामांकित कोई भी अभ्यर्थी स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु पात्र नहीं है।**

6. **निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 127, दिनांक 12.01.2023 के आलोक में तृतीय चरण की समाप्ति के बाद विज्ञान विषय अथवा कला व वाणिज्य विषय में स्थान शेष रह जाने पर जिस विषय में अभ्यर्थी शेष है, उस विषय के अभ्यर्थी का नामांकन रिक्त स्थान के विरूद्ध लिया जा सकता है। तदनुसार डी०एल०एड० कोर्स संचालित सभी संस्थानों में स्वीकृत सीट के 50 प्रतिशत स्थान विज्ञान एवं 50 प्रतिशत स्थान–कला व वाणिज्य के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रहने के प्रावधान को स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु शिथिल किया जाता है।**

7. **उपर्युक्त श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों के स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की प्रक्रिया निम्नवत् है :–**

i. इच्छुक अभ्यर्थी सर्वप्रथम समिति के पोर्टल पर जाकर संस्थानवार रिक्त सीटों की संख्या से अवगत हो लेंगे।

ii. वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में (Common Application form) एवं शुल्क ऑनलाइन जमा किया है वे समिति पोर्टल पर लॉगिन कर स्पॉट नामांकन हेतु CAF अपना डाउनलोड कर लें।

iii. तत्पश्चात् अभ्यर्थी जिस संस्थान में नामांकन को इच्छुक हैं, वहाँ संगत अभिलेखों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संस्थान में अपना नामांकन आवेदन समर्पित करेंगे। नामांकन आवेदन के साथ अभ्यर्थी अपने सभी अकादमिक प्रमाण–पत्रों, आरक्षण कोटि/अन्य कोटि से संबंधित प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के अलावे अपना **स्कोर कार्ड एवं CAF अवश्य संलग्न करेंगे।**

iv. संस्थान प्रधान के द्वारा उनके यहाँ प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों की पंजी संधारित की जाएगी, जिसमें आवेदन की प्राप्ति संख्या भी अनिवार्य रूप से अंकित की जाएगी। प्राप्ति संख्या क्रमिक आगामी तिथियों में क्रमिक रूप से बढ़ती जाएँगी, अर्थात् आवेदन प्राप्ति हेतु निर्धारित द्वितीय एवं आगामी तिथियों को प्राप्ति संख्या 01 से शुरू न कर उस संख्या से शुरू की जाएगी, जो पूर्व की तिथि की अंतिम प्राप्ति संख्या के तुरंत बाद है।

v. अभ्यर्थी से आवेदन पत्र प्राप्त होने पर संस्थान द्वारा तत्क्षण ही उसे आवेदन पत्र की छायाप्रति पर आवेदन की प्राप्ति (Receiving) दी जाएगी। आवेदन की छायाप्रति पर Receiving के साथ–साथ आवेदन प्राप्ति संख्या भी अनिवार्य रूप से अंकित करना सुनिश्चित किया जाएगा।

vi. संस्थान अभ्यर्थियों के CAF No. को अपने लॉग इन में प्रविष्ट कर यह संतुष्ट हो लेंगे कि उक्त आवेदक का नामांकन किसी भी संस्थान में नहीं हुआ है।

vii. आवेदन की प्रक्रिया समाप्ति के उपरांत संस्थान द्वारा स्कोर कार्ड में अंकित अभ्यर्थी के "रैंक" के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की औपबंधिक मेधा सूची तैयार कर संस्थान के सूचना पटल एवं अन्य स्थलों पर सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित (प्रकाशित) करते हुए आपत्ति आमंत्रण किया जाएगा।

viii. तत्पश्चात् अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्ति/आपत्तियों का निराकरण करते हुए संस्थान द्वारा अंतिम मेधा सूची जारी की जाएगी, जिसे संस्थान के सूचना पटल एवं अन्य स्थलों पर सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित (प्रकाशित) किया जाएगा।

ix. संस्थान द्वारा उक्त मेधा सूची के आधार पर अभ्यर्थियों के नामांकन की कार्रवाई ससमय सुनिश्चित करते हुए उसे समिति के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाएगा।

x. सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन में आरक्षण के प्रावधान का अनिवार्य रूप से पालन किया जाएगा।

8. स्पॉट नामांकन की विभिन्न गतिविधियों की समय तालिका निम्नवत् है :–

| क्र.स. | कार्य | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | तृतीय चरण समाप्ति के पश्चात् संस्थानवार रिक्त सीटों का विवरण समिति के पोर्टल पर अपलोड करने की तिथि | 18.12.2023 |
| 2. | अभ्यर्थी द्वारा संस्थान में आवेदन जमा करने की तिथि | 18.12.2023 से 21.12.2023 तक |
| 3. | मेधा क्रम में सूची प्रकाशित करने की तिथि | 22.12.2023 |
| 4. | औपबंधिक सूची पर अभ्यर्थियों से आपत्ति प्राप्त करने की तिथि | 22.12.2023 से 23.12.2023 तक |
| 5. | प्राप्त आपत्तियों के निराकरण की तिथि | 26.12.2023 |
| 6. | प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के पश्चात् अंतिम मेधा सूची प्रकाशित करने की तिथि | 27.12.2023 |
| 7. | अंतिम मेधा सूची के आधार पर नामांकन की तिथि | 28.12.2023 से 30.12.2023 |
| 8. | नामांकन के पश्चात् समिति के पोर्टल पर अद्यतन करने की तिथि | 31.12.2023 |

15/12/23

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

15/12/23

ज्ञापांक : टी०टी०प्रे०...601.../2023 पटना, दिनांक : ..15../..12../2023

प्रतिलिपिः
1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. Kids International Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. निदेशक, आई०टी०/उप निदेशक, आई०टी० (OFSS/S) को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान एवं अन्य को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।
4. वित्त पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
5. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
7. अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
8. अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित ।

15/12/23

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

15/12/23